बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

दिनांक–18.10.2017 को मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा BSDC,हिलसा KYP Code 06040015, BSDC, एकंगरसराय, KYP Code 06040010 एवं BSDC, इस्लामपुर KYP Code 06040024 का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय ये सभी BSDC बंद पाये गये ।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के 7 निश्चय के अधीन संचालित कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु प्रत्येक प्रखण्ड में एक प्रखण्ड स्तरीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कराया गया है तथा खुली निविदा के माध्यम से एजेंसी का चयन करते हुए इन प्रखण्ड स्तरीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन का दायित्व उन्हें सौंपा गया है । BSDC, हिलसा, एकंगरसराय तथा इस्लामपुर के संचालन का दायित्व M/s Technowell Software Solution Pvt.Ltd. Modi Compound, रानी सती लेन, रातू रोड, राँची, झारखण्ड को खुली निविदा के आधार पर चयनित करते हुए सौंपा गया है तथा उन्हें LOA निर्गत करते हुए उनके साथ एकरारनामा हस्ताक्षरित किया गया है ।

यह भी उल्लेखनीय है कि राज्य में कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा एक अवकाश कैलेंडर निर्धारित है, जिसके अनुरूप हीं प्रशिक्षण केन्द्रों पर अवकाश घोषित किया जाना है । इस अवकाश कैलेंडर की प्रति सभी SDC/BSDC को उपलब्ध करायी गयी है, जिसका अनुपालन अनिवार्य किया गया है ।

औचक निरीक्षण में BSDC, हिलसा, BSDC, एकंगरसराय तथा BSDC, इस्लामपुर बिना अवकाश के बंद पाये जाने के आधार पर बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–834 दिनांक–20.10.2017 के द्वारा एजेंसी M/s Technowell Software Solution Pvt.Ltd. Modi Compound, रानी सती लेन, रातू रोड,राँची, झारखण्ड से स्पष्टीकरण की माँग की गयी । इस स्पष्टीकरण में यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित था कि स्पष्टीकरण का जवाब निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एजेंसी को कोई स्मार पत्र नहीं दिया जायेगा तथा एजेंसी के विरुद्ध विधिसम्मत अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी ।

निर्धारित समय सीमा ब्यतीत हो जाने के पश्चात भी एजेंसी M/s Technowell Software Solution Pvt.Ltd. Modi Compound, रानी सती लेन, रातू रोड, राँची, झारखण्ड के द्वारा पूछे गये स्पष्टीकरण का कोई जवाब नहीं दिया गया, जो यह प्रमाणित करता है कि एजेंसी को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है । बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा परिचारित अवकाश कैलेंडर के विपरीत जाकर बिना बिहार कौशल विकास मिशन को सूचित किये, अपने स्तर से केन्द्र को बंद कर दिया जाना यह प्रमाणित करता है कि एजेंसी इस कार्यक्रम के प्रति संवेदनशील नहीं है तथा वे अपने साथ संबद्ध केन्द्रों का संचालन अपनी सुविधानुसार अपने शर्त्तों पर कर रहे हैं।

अतः बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु अवकाश कैलेंडर के विपरीत जाकर दिनांक–18.10.2017 को BSDC, हिलसा, BSDC,एकंगरसराय तथा BSDC,इस्लामपुर को बंद किये जाने के प्रमाणित आरोपों के लिए एजेंसी M/s Technowell Software Solution Pvt.Ltd. Modi Compound, रानी सती लेन, रातू रोड,राँची, झारखण्ड को कठोर चेतावनी निर्गत किया जाता है तथा BSDC, हिलसा KYP Code 06040015, BSDC,एकंगरसराय KYP Code 06040010 एवं BSDC,इस्लामपुर KYP Code 06040024 के माह अक्टूबर बैच के Final Invoice से 40–40% की राशि अलग–अलग कटौती की जाती है । उन्हें यह भी चेतावनी निर्गत की जाती है कि भविष्य में यदि इन केन्द्रों के संचालन में किसी प्रकार की कोई त्रुटि पायी जाती है तो इस केन्द्र पर छात्रों का

नामांकन अवरूद्ध कर दिया जायेगा तथा नामांकित छात्रों का प्रशिक्षण समाप्त होने के पश्चात इनके साथ हस्ताक्षरित अनुबंध को स्थायी रूप से रद्द करते हुए एजेंसी को केन्द्र संचालन के दायित्व से मुक्त कर दिया जायेगा ।

ह0/-
(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक-BSDM/SDM-18/2016- 56 पटना,दिनांक- 15/1/2018

प्रतिलिपि- (1) M/s Technowell Software Solution Pvt. Ltd. Modi Compound , रानी सती मंदिर लेन, रातू रोड राँची, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) मिशन निदेशक/ प्रशासी पदाधिकारी/ मिशन प्रबंधक, कार्यक्रम क्रियान्वयन/ मिशन प्रबंधक, वित्त, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। मिशन प्रबंधक, वित्त को आदेश दिया जाता है कि वे M/s Technowell Software Solution Pvt. Ltd. के साथ संबद्ध BSDC, हिलसा,KYP Code 06040015,BSDC, एकंगरसराय, KYP Code 06040010 तथा BSDC,इस्लामपुर KYP Code 06040024 के माह अक्टूबर बैच के Final Invoice से 40-40% की राशि अलग-अलग कटौती करना सुनिश्चित करें । मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को आदेश दिया जाता है कि वे इस आदेश की प्रति को सभी SDC/BSDC को परिचारित करना सुनिश्चित करें ।

(3) Project Director, MKCL/ Project Director, SPMU(E&Y)/ SPMU Incharge, नालन्दा/श्री रत्नदीप सिंह, प्रबंधक,MIS & M&D को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । निदेश दिया जाता है कि इस आदेश को बिहार कौशल विकास मिशन के Web portal पर Upload करना/कराना सुनिश्चित करें ।

15/1/18

प्रधान सचिव-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।